an>

Title: Issue related to SC students not getting Scholarship from Punjab government as assigned by Central government.

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना) : देश में सबसे ज्यादा एससी पोपुलेशन पंजाब में है, वह करीब 32 परसेंट है। ...(व्यवधान) यूपीए सरकार ने सारे देश में पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम शुरू की थी जिससे दलितों, गरीबों और एससी बच्चे प्लस वन और प्लस टू, आईटीआई और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने के लिए की थी। पंजाब सरकार ने पिछले सालों में जो सेन्ट्रल गवर्नमेंट से पैसा गया है उसका दुरुपयोग किया है। ...(व्यवधान) उन्होंने सेंट्रल गवर्नमेंट को जो रिपोर्ट भेजी है वह यूसी सर्टिफिकेट गलत है। अब पिछले दो सालों का पैसा करीब 2015-16 का 526 करोड़ रुपये है और 2014-15 का 245 करोड़ रुपये है। ...(व्यवधान) यह पैसा वहां नहीं जा रहा है क्योंकि पंजाब सरकार ने वह पैसा खुर्द-फुर्द कर दिया है। वह पैसा गरीबों का है। मैं चाहता हूं कि सरकार जल्दी से जल्दी इंटरफियर करे नहीं तो गरीब के बच्चे पढ़ नहीं पाएंगे, ...(व्यवधान) उनके सारे सेमेस्टर खराब हो जाएंगे, कॉलेज उनको फीस नहीं मिलने से बाहर कर रहे हैं। एससी बच्चों के भविÂय का मामला है। ...(व्यवधान) सेन्ट्रल गवर्नमेंट जल्दी से जल्दी पैसा भेजे ताकि वह अच्छी तरह से पढ़ाई कर सकें।